प्रश्न सं. [क्र. 1834]

मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय
प्रश्न

परिशिष्ट (1)

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 12.12.2019

वर्ग :– 04

सदन में उत्तर देने का दिनांक :– 20/12/2019

विभाग का नाम :– लोक निर्माण विभाग

विषय :– :– मार्ग निर्माण की स्वीकृति।

अतारांकित प्रश्न कमांक –1834 द्वारा– श्री फुन्देलाल सिंह मार्को

क्या लोक निर्माण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

प्रश्न

(क) जिला अनूपपुर के पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पटना–करपा–सरई पहुँच मार्ग का कार्य किस वित्तीय वर्ष में प्रारंभ किया गया ? इस मार्ग के निर्माण हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई थी एवं विभाग द्वारा क्या समय–सीमा निर्धारित की गई थी ? मार्ग के बनने से प्रश्न दिनांक तक किस एजेंसी के द्वारा उक्त मार्ग में कब–कब, कितनी–कितनी राशि किस कार्य में खर्च की गई ?

(ख) क्या प्रश्नांश (क) में उल्लेखित मार्ग के संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्य दवारा मार्ग के सुधार हेतु पूर्व में भी विभाग से प्रश्न, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल सूचना आदि के माध्यम से लगाकर मांग की जा चुकी है। यदि हॉ तो क्या विभाग द्वारा उक्त मार्ग पर सड़क निर्माण हेतु कोई ठोस कार्यवाही की गई है ? क्या विभाग उक्त सड़क के जीर्णोद्धार हेतु सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करेगा ? यदि हॉ तो कब तक ?

उत्तर

(क) पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटना से बड़ीतुम्मी– अनूपपुर जिले मे दसवें चरण के पैकेज क्रमांक MP-4624 के अंतर्गत पटना से तुम्मीबड़ी मार्ग 67.500 कि.मी. की लंबाई में वर्ष 2008 में स्वीकृत था। इस मार्ग का निर्माण कार्य 09 सितम्बर 2008 से प्रारंभ हुआ था। पैकेज की स्वीकृत लागत निविदा प्रतिशत सहित 1758.50 लाख एवं कार्य पूर्णता पश्चात मार्ग की वास्तविक लंबाई 67.375 कि.मी., लागत रू.1743.46 लाख एवं कार्य पूर्णता दिनांक 10 अप्रैल 2011 है। कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी होने की दिनांक से 05 वर्ष अनुरक्षण गारंटी अवधी दिनांक 09.04.2016 को समाप्त हुई। अनुबंधित अवधी में अनुरक्षण कार्य का ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं किया गया है। पटना से तुम्मीबड़ी मार्ग का प्रथम भाग पटना से सरई मार्ग (लंबाई 39.408 कि.मी.) एवं द्वितीय भाग तरंग (टिटही जैतहरी) से तुम्मीबड़ी (लंबाई 27.967 कि.मी.) भाग

Scanned with CamScanner

निर्मित है। प्रथम भाग पटना से सरई मार्ग (लंबाई 39.408 कि.मी.) को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग अनूपपुर को इस कार्यालय के पत्र क्रं. 217 दिनांक 02.03.2017 को हस्तांतरित कर दी गई है। द्वितीय भाग तरंग (टिटही जैतहरी) से तुम्मीबड़ी (लंबाई 27.967 कि.मी.) Post-5 year maintenance के पैकेज क्रमांक. MP46MTN061 के अंतर्गत है। मार्ग की 27.967 कि.मी. में से 15.467 कि.मी. की लंबाई में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष लंबाई में बी.टी. रिन्यूवल कार्य बाकी है। मार्ग में किये गये बी.टी. रिन्यूवल एवं अनुरक्षण कार्य का रु. 131.5 लाख का भुगतान किया गया है। मार्ग की इस लंबाई का संधारण कार्य अनुबंधित एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। पैकेज क्रमांक MP46MTN061 के की अनुबंधित अवधी 17.10.2022 तक है।

(ख) प्रश्नांश (ख) में चाही गई जानकारी लोक निर्माण विभाग अनूपपुर से संबंधित है।

महाप्रबंधक
म.प्र.ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
परियोजना क्रियान्वयन इकाई अनूपपुर

अवर सचिव
मध्य प्रदेश शासन
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय

Scanned by CamScanner

Scanned with CamScanner